कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,

जिला न्यायालय–राजगढ (म0प्र0)

दूरभाष : 07372– 299033 Email @ secdlsarjg@mp.gov.in

सत्र 2026–27 हेतु नवीन पैरालीगल वालेंटियर के चयन/नवीनीकरण के संबंध में साक्षात्कार की सूचना

समस्त आवेदक जिनके द्वारा **जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजगढ़ म.प्र.** एवं **तहसील विधिक सेवा समिति– ब्यावरा, नरसिंहगढ़, सारंगपुर, खिलचीपुर एवं जीरापुर** जिला राजगढ़ म.प्र. में सत्र 2026–27 हेतु इस कार्यालय द्वारा जारी विज्ञापन के क्रम में नवीन पैरालीगल वालेंटियर्स की भर्ती अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं, उनके साक्षात्कार जिला एवं तहसील स्तर पर पृथक–पृथक किये जा रहे हैं। साक्षात्कार का विवरण, कार्यक्रम एवं निर्देश निम्नानुसार हैः–

साक्षात्कार दिनांकः– 24.07.2026

साक्षात्कार प्रकिया का निर्धारित समय : प्रातः 10 बजे से

निर्देशः–

01. जिन आवेदकों द्वारा जिला मुख्यालय राजगढ़ आवेदन प्रस्तुत किया है वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजगढ़ म.प्र. में निर्धारित दिनांक को उपस्थित होना सुनिश्चित करें एवं जिनके द्वारा तहसील स्तर पर आवेदन प्रस्तुत किया गया है वे संबंधित तहसील स्थित तहसील विधिक सेवा समिति/तहसील न्यायालयों में निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित होकर साक्षात्कार में सम्मिलित होना सुनिश्चित करेंगे।
02. साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने वाले समस्त आवेदक उनके द्वारा प्रस्तुत किये गये आवेदन के साथ जो दस्तावेज संलग्न किये गये थे, उनकी मूल प्रति सत्यापन हेतु साथ लावें।
03. जिन आवेदकों द्वारा 01 से अधिक स्थानों पर आवेदन प्रस्तुत किये हैं, वे केवल किसी एक स्थान पर ही साक्षात्कार में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें।
04. समस्त आवेदक साक्षात्कार स्थल पर प्रातः 10 बजे से पूर्व अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार

16/07/26

न्यायाधीश/सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
जिला न्यायालय राजगढ़ (म०प्र०)